हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

06 कार्रवाई : राजस्व व कृषि विभाग ने नकली...



07 पेड़ों की अवैध कटाई, वनभूमि के कब्जों पर...





## खबर संक्षेप

### आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के प्रस्तावित शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के आधार अपडेशन के लिए ₹आधार विद्यालय के द्वार₹ अभियान का द्वितीय चरण आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को इस अभियान के तहत 10 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रस्तावित शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कैंप आधार अपडेशन कैंप लगाकर विद्यार्थियो के आधार कार्ड बनाने और आधार अपडेट कराने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने बीईओ एवं बीआरसीसी को अपने कार्यालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा प्रभारी अधिकारी नियुक्त करके कैम्प स्थल से समन्वय कर प्रतिदिवस की रिपोर्ट संकलित कराने के भी निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 तक आमंत्रित

**सीहोर।** दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। आवेदन पत्रों की जांच 15 नवम्बर तक होगी और अंतिम सूची का प्रकाशन 30 नवम्बर तक किया जाएगा। स्वीकृत आवेदन पत्रों में पात्रतानुसार छात्रों को लैपटॉप अथवा मोट्रेट ट्राईसाइकिल, विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वितरित की जायेगी। आयुक्त सामाजिक न्याय ने बताया की स्पर्श पोर्टल ओपन कर दिया गया है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने जिले से अधिक से अधिक पात्र दिव्यांग छात्र/छात्राओं को योजना हेतु आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित करें एवं जिला अधिकारी आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### मेडिकलों पर पहुंचकर दो पुरुष और दो महिला पत्रकार एर्बाशन किट मांगकर मेडिकल संचालकों को करते थे ब्लैकमेल

# रायसेन की फर्जी पत्रकार गैंग का सीहोर में आतंक, मेडिकल स्टोर संचालकों से अड़ीबाजी

### गंगा आश्रम स्थित मंडलोई मेडिकल स्टोर संचालक पवन वर्मा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खुद को पत्रकार बताकर जिले में मेडिकल स्टोर संचालकों को धमकाने और उनसे अवैध रूप से पैसे वसूलने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने एक मेडिकल स्टोर संचालक की शिकायत पर दो पुरुष और दो महिलाओं सहित कुल चार लोगों के खिलाफ जबरन वसूली और धमकाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

दर्ज एफआईआर के अनुसार कोतवाली थाना में पवन वर्मा निवासी गंगा आश्रम ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी मंडलोई मेडिकल स्टोर नाम से दुकान है। 9 अक्टूबर को दोपहर करीब 12.30 बजे दो पुरुष और दो महिलाएं उनके स्टोर पर आए और उनसे (एबॉर्शन किट) गर्भपात किट मांगी। शिकायतकर्ता पवन वर्मा ने जब उनसे डॉक्टर का पर्चा दिखाने को कहा तो एक व्यक्ति ने किट हाथ में ली और फिर वापस रख दी। इसके बाद उन्होंने खुद को पत्रकार बताया। एक व्यक्ति ने अपना नाम अमित ठाकुर बताया। दूसरे ने प्रकाश दुबे बताया। महिलाओं ने अपना नाम संजना मीना और सुहानी यादव बताया। सबने चैनलों में काम करना बताया।




#### 30 हजार की डिमांड

पत्रकार बताने वाले इन लोगों ने पवन वर्मा को धमकाया कि वे एबॉर्शन किट रखते और बेचते हैं, जिसके लिए वे ड्रग इंस्पेक्टर से कार्रवाई करवाकर उनकी न्यूज चलाएंगे। यह कहकर उन्होंने कार्रवाई से बचने के नाम पर पवन वर्मा से 30 हजार की मांग की। अमित ठाकुर ने अपना मोबाइल नंबर भी दिया और 10 मिनट के अंदर जवाब देने को कहा वरना न्यूज चलाने की धमकी दी।

**अन्य मेडिकल स्टोर्स से भी वसूली** :पवन वर्मा ने तुरंत एसोसिएशन को सूचना दी। एसोसिएशन से उन्हें पता चला कि यही लोग आज ही कृष्णा मेडिकल स्टोर कोल्हीपुरा के राजेंद्र मेवाड़ा से 10 हजार ले चुके हैं। इसके अलावा वैष्णवी मेडिकल क्रिसेन्ट चौराहा के सोमेश वर्मा और ताहिरी मेडिकल गुरुद्वारे के सामने के ताहिर अली बुरहानी से भी इसी तरीके से पैसे की मांग की गई है। एसोसिएशन ने यह भी जानकारी दी कि अमित सिंह ने 16 अगस्त को श्री साई मेडिकल स्टोर्स ग्राम सतराना के श्यामबाबू से भी फोन पे पर 2 हजार 500 और अड़ी डालकर नकद 2 हजार 500 लिए थे। शिकायत में यह भी बताया गया है कि आष्टा, इछावर, बुधनी, नसरुल्लागंज और रेहटी में भी इन लोगों ने इसी तरह पैसे की मांग की है।

#### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पवन वर्मा की लिखित शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में उप निरीक्षक विक्रम अडास के निर्देश पर अपराध क्रमांक 0689/2025 के तहत अमित ठाकुर, प्रकाश दुबे, संजना मीना और सुहानी यादव के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। उप निरीक्षक विक्रम अडास को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### सीहोर में पकड़ाए फर्जी पत्रकारों का पुलिस से क्या कनेक्शन?

ब्लैकमेलिंग के आरोप में पकड़े गए चार कथित पत्रकारों के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। कोतवाली पुलिस ने जिन आरोपियों पर मेडिकल स्टोर संचालकों को धमकाकर जबरन वसूली का मामला दर्ज किया है, उनकी निजी गाड़ी पर पुलिस का लोगो (मोनो) लगा मिला है। क्या मेडिकल दुकानों से वसूली कर रहे इन लोगों ने आसानी से बच निकलने की मंशा से अपनी गाड़ी पर पुलिस का लोगो लगा रखा था। नियमों के अनुसार किसी भी निजी वाहन पर पुलिस या किसी अन्य सरकारी विभाग का लोगो लगाना अवैध है या फिर इनके परिवार का कोई सदस्य पुलिस विभाग में मौजूद हैं। आरोपियों ने किस आधार पर या किसकी अनुमति से अपनी गाड़ी पर पुलिस का लोगो लगाया। क्या उनका सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से मध्य प्रदेश पुलिस के किसी अधिकारी या कर्मचारी से कोई संबंध है? क्या पुलिस के लोगो का इस्तेमाल अवैध वसूली को अंजाम देने के लिए प्लानिंग के तहत लगाया है। इन बातों का खुलासा पुलिस की पूछताछ में हो सकेगा।

#### ब्लैकमेलिंग का तरीका

कोतवाली थाने में एफआईआर के अनुसार अमित ठाकुर, प्रकाश दुबे, संजना मीना और सुहानी यादव नामक इन आरोपियों ने पहले बुदनी विधानसभा क्षेत्र को निशाना बनाया था। सीहोर की कार्रवाई सार्वजनिक होने के बाद अब बुदनी क्षेत्र का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें गाड़ी भी नजर आ रही है और गाड़ी पर लगा पुलिस का लोगो भी। सीहोर के मंडलोई मेडिकल स्टोर के संचालक पवन वर्मा की शिकायत पर यह गैंग पकड़ा गया। वर्मा ने बताया कि आरोपियों ने उनकी दुकान पर आकर एबॉर्शन किट मांगी और पर्चा मांगने पर खुद को विभिन्न चैनलों का पत्रकार बताते हुए 30 हजार की डिमांड की। धमकाया गया कि न्यूज चलाकर ड्रग इंस्पेक्टर से कार्रवाई करवा दी जाएगी। पवन वर्मा की सूचना पर मेडिकल एसोसिएशन ने खुलासा किया कि यह गैंग उसी दिन कृष्णा मेडिकल स्टोर से 10 हजार वसूल चुका था और पहले भी अन्य पीड़ितों से वसूली कर चुका है। कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उप निरीक्षक विक्रम अडास को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस अब गाड़ी पर लगे पुलिस लोगो के संबंध में भी आरोपियों से पूछताछ करेगी ताकि पुलिस से उनके संभावित कनेक्शन का पर्दाफाश हो सके।

## शाहगंज की 18 वर्षीय युवती का शव बरखेड़ा जंगल में मिला

### प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका, आरोपी युवक हिरासत में



**बुधनी।** शाहगंज थाना क्षेत्र की 18 वर्षीय लापता युवती का शव ओबेदुल्लागंज थाना अंतर्गत बरखेड़ा जंगल में मिला है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग के चलते हत्या का प्रतीत हो रहा है। 8 अक्टूबर (बुधवार) को युवती के अचानक लापता हो जाने पर उसके परिजनों ने शाहगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 9 अक्टूबर (गुरुवार) की शाम करीब 5 बजे ओबेदुल्लागंज थाना क्षेत्र के कैरी स्टॉप डेम के पास एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। शव की पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया व सीसीटीएनएस के माध्यम से सूचना प्रसारित की। इसके बाद शाहगंज क्षेत्र के परिजनों ने शव की शिनाख्त 18 वर्षीय युवती के रूप में की। इस संबंध में ओबेदुल्लागंज थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। संदेह के आधार पर आरोपी दीपक गौर उर्फ जस्सी पुत्र रामकेश गौर, निवासी पुरानी बस्ती शाहगंज को हिरासत में लेकर शाहगंज पुलिस से अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपी को ओबेदुल्लागंज लाया गया है, जहां उससे पूछताछ जारी है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, युवती और आरोपी युवक के बीच प्रेम संबंध थे। दोनों को घटना से पहले एक साथ बाइक पर जाते हुए देखा गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए ओबेदुल्लागंज थाना पुलिस की टीम ने शाहगंज पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दिवंगत दीक्षा के घर पहुंचे कांग्रेसजन, सीएमएचओ पर उठाए सवाल, बोले चरण वंदना से फुर्सत नहीं



**सीहोर।** जिले के बरखेड़ी गांव स्थित मुस्कान अस्पताल में गलत इंजेक्शन से दो वर्षीय दीक्षा की दुखद मौत के मामले ने जिला स्वास्थ्य विभाग और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया को विवादों में ला दिया है। शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं ने दिवंगत दीक्षा के परिवार से मुलाकात कर सीएमएचओ पर लापरवाही का तंज कसा।

कांग्रेस ने सीएमएचओ पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें चरण वंदना से ही फुर्सत नहीं है, इसलिए जिले में अवैध और फर्जी अस्पतालों की जानकारी नहीं मिल पाती। बता दें 6 अक्टूबर को सार्वजनिक मंच पर सीएमएचओ सुधीर कुमार द्वारा राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के चरण छूते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

**10 माह तक क्यों नहीं लगी भनक :** इछावर के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल और कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने दीक्षा के परिजनों से मिलकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने सीएमएचओ कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्कान अस्पताल बीते 10 महीने से अवैध तरीके से चल रहा था, लेकिन जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर होने के बावजूद सीएमएचओ कार्यालय को इसकी भनक तक नहीं लगी। गुजराती ने कहा कि सीएमएचओ का ध्यान जनता के स्वास्थ्य की ओर न होकर मंत्रियों की सेवा में लगा है।

#### पहले भी सील होने के बावजूद कैसे चला अस्पताल

दीक्षा की मौत 7 अक्टूबर को इलाज के दौरान हुई थी। इस मामले में अस्पताल संचालक अशोक विश्वकर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हालांकि यह एफआईआर नियमों की अवहेलना को लेकर हुई है। इधर कांग्रेस का आरोप है कि सील होने के बावजूद अस्पताल का 10 महीने तक संचालित होना स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत या लापरवाही की ओर इशारा करता है। वहीं, अब मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय मेडिकल टीम गठित की गई है, जिसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं।

### किसानों की सुविधा के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता से करे कार्य

# भावांतर योजना के सफल संचालन के लिए राजस्व अफसर मॉनिटरिंग करे: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सबसे पहले भावान्तर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि भावांतर योजना सोयाबीन उत्पादक किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें उचित मूल्य की गारंटी प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से संरक्षण देना और उनकी उपज का उचित दाम दिलाना है। उन्होंने इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों को मंडियों में उपज विक्रय के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता से कार्य करे। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पंजीयन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और योजना से जुड़ी सभी जानकारी पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में बताया गया कि भावांतर योजना अंतर्गत किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 03 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। किसानों की सुविधा हेतु जिले में आठ पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। भावान्तर योजना के तहत भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल के विरुद्ध राज्य सरकार किसानों को मंडी के मॉडल भाव/विक्रय मूल्य के अंतर की राशि प्रदान करेगी। किसान 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 के बीच अपनी उपज मंडी में विक्रय कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। योजना के प्रभावी संचालन के लिए जिला एवं मंडी स्तर पर समितियां गठित की गई हैं।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। इसमें नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भू-अभिलेख संधारण एवं न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति पर विस्तार से समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की सेवाओं में विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी सभी कामों के साथ ही प्रत्येक शिकायत का समय पर निराकरण हो और सभी कार्य पारदर्शी एवं उत्तरदायित्व पूर्ण ढंग से हों। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए कार्य करना चाहिये।

कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली में तेजी लाई जाये। वन भूमि से राजस्व भूमि में संपरिवर्तन, वन व्यवस्थापन, डायवर्सन की स्थिति, विभिन्न परियोजनाओं के लिये भू-अर्जन एवं मुआवजा वितरण से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन आदेशों का अभिलेखों में अमल, उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों में समय पर कार्यवाही की जाये।

बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने दीपावली पर पटाखा बाजारों के लिए खुले स्थान का चयन कर समय से पहले दुकानें आवंटित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा की पटाखा बाजार में अग्निशमन यंत्र और दुकानों में रेत की बाल्टियाँ उपलब्ध होनी चाहिए। इसके साथ ही दुकानें विद्युत लाइनों एवं ट्रांसफार्मर से सुरक्षित दूरी पर हो। उन्होंने पटाखा बाजारों में फायर ब्रिगेड सहित सभी आवश्यक उपकरणों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दीपावली पर्व के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखें। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने भूमि के नामांतरण के संबंध में विभिन्न राजस्व संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर रविंद्र परमार, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अपर कलेक्टर ने किया नवीन भू-अभिलेखागार का निरीक्षण

**सीहोर।** अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने कलेक्ट्रेट में बनाए गए नवीन भू-अभिलेखागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखागार में की गई व्यवस्थाओं का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया और संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को नवीन अभिलेखागार का भ्रमण कराया तथा उन्हें अभिलेखागार की कार्यप्रणाली और सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी अपने अनुभागों के राजस्व अभिलेखों का सुनियोजित एवं सुरक्षित संधारण सुनिश्चित करें, जिससे अभिलेखों का त्वरित उपयोग और बेहतर संरक्षण संभव हो सके।



अपर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नवीन अभिलेखागार के माध्यम से पुराने राजस्व दस्तावेजों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने और अभिलेख प्रबंधन को अधिक पारदर्शी एवं सुलभ बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

## अस्पताल की टॉयलेट में नवजात का शव मिलाः सीहोर की हॉस्पिटल में कैमरा लगा फिर भी किसी को पता नहीं चला




**सीहोर।** जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उस समय सनसनी फैल गई जब टॉयलेट से एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत टॉयलेट को बंद कराया और पुलिस को सूचना दी। मामला शुक्रवार दोपहर का है।

जानकारी के अनुसार, अस्पताल स्टाफ ने टॉयलेट में नवजात का शव देखा और तत्काल सिविल सर्जन डॉ. यू.के. श्रीवास्तव को अवगत कराया। इसके बाद सिविल सर्जन ने कोतवाली थाना पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

**सीसीटीवी और सुरक्षा कर्मियों के बावजूद बड़ा सवाल :** सीहोर जिला अस्पताल का ट्रॉमा सेंटर पहले भी अपनी सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विवादों में रहा है। अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, बावजूद इसके किसी ने टॉयलेट में नवजात का शव फेंक दिया और किसी को भनक तक नहीं लगी। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था की पोल एक बार फिर खोल दी है।

सिविल सर्जन डॉ. यू.के. श्रीवास्तव ने बताया कि हमें स्टाफ ने जानकारी दी थी। टॉयलेट को तत्काल लॉक करवा दिया गया है और पुलिस को सूचित किया गया है। आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### सीएमएचओ ने रेहटी सीएचसी में बैठक ली

**सीहोर।** सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहटी में बैठक आयोजित कर रेहटी में दर्ज पीलिया के मरीजों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही गठित सर्विलांस टीम के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि घर-घर जाकर मरीजों का सर्वे किया जाए। बैठक में एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ रुचिरा उइके, डॉ डी बड़ोदिया सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पेंशनर्स एसोसियन ने चीफ इंजीनियर का किया स्वागत



**सीहोर।** म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी भोपाल रिजन के चीफ इंजीनियर बी.वी.एस. परिहार का सीहोर आगमन पर पेंशनर्स एसोसियन सीहोर द्वारा साफा बांधक एवं शाल उड़ाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में विद्युत पैंशनर एसोसियन के संरक्षक एसएल नरेड़ा, एसपी वारिया, राजेन्द्र दुबे, अशोक राजपूत, लाड़सिंह, मोहन सिंह राठौड़ सहित ऑफि स के कर्मचारी एसडी मालवीय, ओ.पी. सक्सेना लोग उपस्थित रहे। सभी ने पैंशनर्स एसोसियन को सहयोग करने की अपेक्षा की गई। उनके द्वारा सहयोग करने का वादा किया गया।

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर किया गया 148 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 10 अक्टूबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 111 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 37 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 9 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### कोयले की राख से तैयार उर्वरक, उत्तम शक्ति ब्रांडेड कंपनी का रैपर लगाकर सीधे किसानों को किया सप्लाई

# कार्रवाई : राजस्व व कृषि विभाग ने नकली खाद की 200 कट्टी की जब्त, जांच के लिए भेजे सैंपल

शुक्रवार की सुबह उनके घर तेजपाल सिंह राजपूत निवासी नंलियाखेड़ी जिला नरसिंहगढ़ एवं अजय सिंह राजपूत निवासी शमशाबाद जिला विदिशा 80 कट्टी नकली खाद लेकर पहुंचे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा







तहसील में इन दिनों नकली खाद, बीज, कीटनाशक दवाओं का धंधा बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। इधर नकली खाद, बीज ,कीटनाशक दवाओं के व्यापार बड़ी मात्रा में फर्जी कंपनियां के लोग किसानों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पहले कुदरत की मार ने किसानों को नहीं बक्शा अब नकली खाद बनाने वाले लोग गांव गांव जाकर किसानों को लूटने में लगे हुए हैं। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को सामने आया भैरुंदा क्षेत्र के महागांव कदीम में राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली खाद की 210 कट्टी जब्त की है।

**सरपंच की सूझबूझ और सतर्कता से जब्त करवाया नकली खाद**

तहसील की ग्राम पंचायत नीमोटा के सरपंच वीरेन्द्र सिंह की सूझबूझ व सतर्कता से नकली खाद बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। शुक्रवार की सुबह उनके घर तेजपाल सिंह राजपूत निवासी नंलियाखेड़ी जिला नरसिंहगढ़ एवं अजय सिंह राजपूत निवासी शमशाबाद जिला विदिशा 80 कट्टी नकली खाद लेकर पहुंचे थे। ऊपर से ब्रांड उत्तम शक्ति पॉवर के नाम से दिखाई देने वाली खाद की कट्टी को सरपंच वीरेंद्र सिंह ने जब खोलकर देखा तो अन्दर कोयला रखा मिट्टी युक्त खाद निकला। उन्होंने तुरन्त इसकी सूचना कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग से नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी, कृषि विभाग बीएस राज, अधिकारी कर्मचारी ने खाद की कट्टी देखी जिसमें पाया उर्वरक कोयले की राख युक्त नकली खाद निकला। सरपंच ने एक ओर जानकारी देते हुए बताया महागांव कदीम में किसान सालिगराम के घर बने गोदाम में भी नकली खाद पाया गया। वहीं मौके पर पहुंचे अधिकारियों गोदाम मालिक से पूछताछ की तो सालिकराम ने बताया पुष्पेंद्र राजपूत,अजय राजपूत के साथ कैलाश राजपूत मेरे पास आए थे। उन्होंने 700 खाद की कट्टी गोदाम में रखने के लिए 5 हज़ार रुपए देने की बात कही थी। मुझे नहीं पता था कि नकली खाद है। गोदाम में रखी 500कट्टी खाद बेच दी। 210कट्टी बची है। दो लोगों को नहीं जानता हूं।

पुष्पेंद्र राजपूत निवासी निमोटा का रहने वाला है उसके कहने पर गोदाम में खाद रखवाया था। इधर नकली खाद बेच रहे अजय राजपूत एवं तेजपाल सिंह राजपूत मौका देख फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ट्रक में कुल 700 बोरी नकली खाद लाई गई थी, जिसमें से 500 बोरी पहले ही ग्रामीण क्षेत्र में खपाई जा चुकी थीं। तो वहीं खाद की बोरी पर 'उत्तम शक्ति' ब्रांड लिखा था, लेकिन जांच में बोरी के अंदर राखनुमा पाउडर निकला। यह नकली खाद किसानों के खेतों में पहुंचने से पहले ही पकड़ ली गई, जिससे एक बड़ी धोखाधड़ी का करने बालों खुलासा हुआ है। नकली खाद बेचने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई संयुक्त टीम द्वारा की गई, जिसमें राजस्व विभाग से नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी, बीएस राज कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल थे।

इस संबंध में भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि नकली खाद की सूचना पर राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम ने कार्रवाई की गई है। खाद के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जायेगा, जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में कांशीराम साहब की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई, श्रद्धांजलि अर्पित की





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन नायक, बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक, डीएसफोर के संस्थापक की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सभी अतिथियों ने कांशीराम साहब के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए महापुरुषों के मार्ग पर चल कर सत्ता प्राप्त करने का फार्मूला बताया गया। बहुजन गायक राजू भारतीय बैरसिया ने भी कांशीराम साहब के श्रद्धांजलि गीत गाकर नमन किया। इस मौके पर जिला प्रभारी अनोखीलाल मालवीय ने कांशीराम साहब ने समाज को एकजुट करने के लिए रातों दिन काम किया और बहुजन समाज के साथ सभी वर्गों को संगठित करने के लिए साइकिल रैली भी चलाई। एनपी सागर ने भी महापुरूषों के ऊपर अपने विचार रखे और सीहोर जिले में बहुजन समाज पार्टी बहुत तेजी से अपना जनाधार को बढ़ा रही है और सीहोर जिले में अन्य टीचर को लेकर दलितों की पिछड़ों की आवाज को बहुजन समाज पार्टी उठाने का काम करती है। कार्यक्रम का आभार व्यक्त संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर ने किया उन्होंने कहां की सीहोर जिला पूर्व मुख्यमंत्री का जिला जिला है और सबसे ज्यादा इंतजार उनके क्षेत्र बुधनी में अन्याय अत्याचार चरम सीमा पर है ऐसी कई घटना हो रही प्रशासन किसी भी राजनीतिक दबाव के बेकार थानों में रिपोर्ट तक दर्ज नहीं करता और सभी जिले से आए सभी पदाधिकारी एवं शुभचिंतक साथियों एवं कार्यक्रम को समझ में घोषणा की कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

डीबी बड़ोदिया पूर्व शिक्षक इछावर साकिर अली जिला उपाध्यक्ष नरसिंह भारती जिला महासचिव बसपा सीहोर कोमल नागर जिला सचिव हरि ओम बौद्ध जिला कोषाध्यक्ष धनराज थरेले जिला कार्यकारिणी सदस्य बसपा सीहोर आनंद घावरी जिला बीवीएफ संयोजक लखनलाल आंवले पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर जितेन्द्र मकवाना विस प्रभारी आष्टा विजेन्द्र पैरवाल विस प्रभारी देवकरण कुरल विस अध्यक्ष आष्टा अर्जुन पैरवाल विस उपाध्यक्ष आष्टा मुकेश मालवीय विस सचिव आष्टा राधेश्याम सौलकी विस प्रभारी सीहोर लक्ष्मीनारायण अहिरवार विस प्रभारी घीरप अहिरवार विस अध्यक्ष राजमल सौलकी विस उपाध्यक्ष धनश्याम जाटव विस सचिव बसपा सीहोर थान सिंह अहिरवार विस कोषाध्यक्ष बसपा राकेश मालवीय पूर्व जिला बीवीएफ संयोजक बसपा सीहोर लक्ष्मी दीदी दोहरे लखनलाल बड़ोदिया विस प्रभारी बसपा इछावर बटनलाल गलेरिया विस प्रभारी बसपा इछावर धर्मेन्द्र बड़ोदिया विस अध्यक्ष बसपा इछावर रामाधार चौधरी विस प्रभारी बसपा बुदनी सुनील चौहान पूर्व पार्षद बुदनी कांशीराम बर्दे विस अध्यक्ष बलराम पैठारी विस उपाध्यक्ष अर्जुन बौद्ध विस महासचिव जितेन्द्र सिंह विस सचिव रमेश चन्द्र धावरे विस कोषाध्यक्ष जे पी मेहरा विपिन दिवाकर योगेश अभिषेक चौधरी योगेश साहू गौतम यादव चन्दन अहिरवार रामभरोस अहिरवार खुमान बशकार हरिशंकर मेहरा रोशन बरखने रोहन जानपुरे आशीष गोदरे लखनलाल नागर ओमप्रकाश भिलाला जितेन्द्र टांक जितेन्द्र कदम वीर सिंह मेहरा भूरू खरे चारों विधानसभा से सैकड़ों कि संख्या में कार्यकर्ता पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

### आईआईएम इंदौर के विद्यार्थियों के दल का भ्रमण कार्यक्रम संपन्न



**सीहोर।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इंदौर के 36 सदस्यीय विद्यार्थियों के दल द्वारा सीहोर जिले के विभिन्न ग्रामों में 6 से 10 अक्टूबर तक भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों के दल ने भ्रमण कर स्व सहायता समूह और अन्य आजीविका गतिविधियों का अध्ययन किया। दल ने जिले में चल रही योजनाओं, समूह गतिविधियों, प्रबंधकीय प्रणाली एवं क्रियान्वयन के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा बैंकर्स से मुलाकात कर फ्लो ऑफ फंड प्रक्रिया, ऋण वापसी आदि पर बेहतर क्रियान्वयन व संभावना के बारे में रिपोर्ट तैयार की। दल ने लखपति दीदियों से चर्चा ,जैविक खेती, फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी, समूह एवं समूह संगठनों का आंतरिक ऑडिट जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओ के क्रियान्वयन एवं योजनाओं को समझा। भ्रमण का समापन सत्र जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। समापन के दौरान दल के विद्यार्थियों ने जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव से भेंट की और पीपीटी के माध्यम से जिला पंचायत सीईओ को अपने भ्रमण अनुभवों के बारे में जानकारी दी। अनुभव प्रस्तुतीकरण के दौरान दल द्वारा भ्रमण के दौरान आने वाली चुनौतियां, समूह सदस्यों की आजीविका संवर्धन हेतु आवश्यक सुझाव आदि के बारे में बताया। एनआरएलएम के डीपीएम दिनश बर्फा ने बताया कि विद्यार्थियों के दल ने ग्रामीण स्तर पर हो रहे नवाचारों और आजीविका कार्यों का अवलोकन कर उनके बेहतर क्रियान्वयन की प्रशंसा की तथा और अधिक सुदृढ़ता प्रदान करने हेतु के लिए रणनीति में महत्वपूर्ण बिंदुओ को जोड़ने में सहयोग किया। उल्लेखनीय है कि छात्रों के इस दल ने आष्टा ब्लॉक के खडी हाट एवं बेदाखेड़ी, इछावर के खड़ीहाट व भाऊखेड़ी तथा सीहोर ब्लॉक के श्यामपुर एवं बिलकिसगंज ग्रामों का भ्रमण किया।

## खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया का प्रथम सीहोर आगमन, डॉ. अजय पटेल और समाजजनों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय चंद्रवंशीय खाती समाज के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया का प्रथम बार सीहोर आगमन पर समाजजनों ने स्वागत और अभिनंदन किया। यह कार्यक्रम डॉ. अजय पटेल की पहल और समन्वय में संपन्न हुआ, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, युवा सदस्य और खाती समाज सीहोर छात्रावास समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन नन्नूलाल कासनियां ने किया। लीलाधर देथलिया ने अपने संबोधन में सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे आजीवन समाज के ऋणी रहेंगे और समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी के सहयोग से हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि समाज के प्रत्येक गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, इंदौर में हॉस्टल का निर्माण एवं अन्य जिलों में धर्मशालाओं की स्थापना के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

समारोह के अंत में डॉ. अजय पटेल ने आभार व्यक्त किया और कहा कि यह समाज के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देथलिया के 40 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है कि आज उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने एक सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व को चुना है। डॉ. पटेल ने आश्वस्त किया कि आने वाले पाँच वर्षों में हर कार्य में वे समाज के साथ अपना सर्वोत्तम प्रयास देंगे। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे नौकरी, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ें और समाज की बहनों को शिक्षा और स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित किया। इस भव्य समारोह ने समाज में एकता, सम्मान और नई ऊर्जा का संदेश दिया। उपस्थित समाजजनों ने लीलाधर देथलिया को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन रघुनाथ वर्मा, रमेश चंद्र मुकाती, करण सिंह वर्मा, रमेश पटेल कपूरी नन्नूलाल कासनियां, कारण सिंह सेठी जी, एड. प्रहलाद सिंह पटेल, सतीश सोनानिया, रमेश वर्मा कपूरी, जितेंद्र वर्मा, पवन चौधरी, मदनलाल चौधरी, कैलाश चौधरी, कैलाश मंडलोई, अर्जुन पटेल मानाखेड़ी, शंकर पटेल, बलराम पटेल, सोनू पटेल, हरीश चौधरी, पंपू वर्मा, तिलक खाती, एड. पंकज मुकाती, नरेंद्र वर्मा सर, महेश वर्मा, संदीप वर्मा और समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने भोजन किया और डॉ. अजय पटेल एवं उनकी टीम ने ढोल नगाड़ों और पुष्पमालाओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया का भव्य स्वागत किया।

### शहर ब्लॉक कांग्रेस ने आक्रोश व्यक्त कर निकाला कैंडल मार्च

# जहरीली कफ सिरफ बेचने वालों को फांसी दो, स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दो : निशांत वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिला कांग्रेस कॉमेटी के निर्देश पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार की शाम तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क से छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरफ दवाई के सेवन से मृत हुए बच्चों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देने के बाद तहसील चौराहा से लिसा टॉकीज चौराहा तक विरोध प्रदर्शन के तहत कैंडल मार्च निकाला गया।

शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा निकाला गए कैंडल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता जहरीली दवाई के कारोबारियों को फांसी दो, मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाए गए। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग का सिस्टम पूरी तरह से बेकार हो चुका है। बाजार में खुलेआम जहरीली दवाइयां बिक रही है इसके बावजूद प्रदेश सरकार कठोर कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। छोटे कारोबारी के ऊपर कारवाई की जा रही है और बड़ों को बचाया जा रहा है। वर्मा ने कहा कि जहरीली कफ सिरफ दवाई बेचकर निर्दोष मासूम बच्चों की जान लेकर माताओं की कोख को उजाड़ने वाले दरिंदों को फांसी देने के आदेश दिए जाने चाहिए और घटना की जिम्मेदारी लेते हुए स्वास्थ मंत्री का प्रभार देख रहे राजेंद्र शुक्ल को तत्काल अपने पद से इस्तीफ दे देना चाहिए।

प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा प्रीतम दयाल चौरसिया नईम नवाब संतोष सिंह ओम प्रकाश गौर सुनील दुबे राकेश शर्मा विवेक राठौर मजीद अंसारी मुकेश ठाकुर घनश्याम यादव नरेंद्र खंग्राले इरफान लाला घनश्याम मीणा मनोज पटेल सारा यादव ईश्वर ठाकुर तुलसी राठौर भगत तोमर रामायण शुक्ला अजय रैकवार कमलेश चांडक प्रेम नारायण परमार विवेक टांक गजराज परमार राजू कौशल हरिओम सिसोदिया सोनू विश्वकर्मा अनुभव सेन संतोष मालवीय मोनू शर्मा अरुण परमार आदि शामिल रहे।

## दि ऑक्सफोर्ड स्कूल की छात्रा निशिका नाथ का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैप्टन के रूप में चयन



**सीहोर।** स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल, सीहोर की कक्षा 12वीं की छात्रा निशिका नाथ का चयन कैप्टन के रूप में 4 म.प्र. गर्ल्स बटालियन आर्मी विंग भोपाल द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में हुआ है।

उक्त शिविर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ स्कंध के एनसीसी कैडेट्स के लिए 6 से 15 अक्टूबर 2025 तक आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इस 10 दिवसीय कैम्प में कैडेट्स को ड्रिल, वेपन हैंडलिंग, फिजिकल फिटनेस, मैप रीडिंग, फायरिंग प्रैक्टिस, टीम वर्क, अनुशासन और सीआरपीएफ द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। निशिका नाथ को पूर्व में एनसीसी 'ए' ग्रेड सर्टिफिकेट मिल चुका है और चार बार जिलास्तरीय गणतंत्र एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह में एनसीसी दल की कमांड कर चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि में सहायक एनसीसी अधिकारी सोनम सेन एवं शिक्षिका ज्योति शर्मा का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा है।

निशिका नाथ के उक्त शिविर में चयन से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन तथा सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दिव्यांगता त्वरित पहचान एवं स्क्रीनिंग शिविरों में डॉक्टर की ड्यूटी में दिखा भेदभाव

# सीएमएचओ की लापरवाही या बाबू की मनमानी


## किसी डॉक्टर की 12 तो किसी डॉक्टर की दिखी मात्र 2 ड्यूटी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिला अस्पताल के सीएमएचओ ऑफिस में बाबूओं के किस्से आम हो चले है यहां पर अधिकारियों को बाबूओं क हाथ की कठपुतली कहा जाता है और इसका प्रमाण देखने में मिलता भी है और संबंधित अधिकारी आंख मूंदकर बस हस्ताक्षर कर देते है। ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है जहां पर कलेक्टर के आदेश के बाद सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मप्र के आदेश के बाद जिले में विभिन्न जगहों पर दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाना है जिसका उद्देश्य चननित लोगों को परीक्षण उपरांत दिव्यांगता प्रमाणपत्र. जारी किए जा सके व उनको शासन की मिलने वाली सुविधाओं से लाभांवित किया जा सके।

परंतु सीएमएचओं ऑफिस में संबंधित बाबू अपनी कलाबाजी से बाज नही आ रहे है वह डॉक्टर से लेकर स्टॉफ पर अपना प्रभाव बताने के लिए सारे नियमों को ताख पर रखकर अपनी मनमर्जी से डॉक्टर की ड्यूटी इस कैंप में लगा दिए है जिससे किसी डॉक्टर की 12 - 12 तो अपने चहेते डॉक्टर की मात्र 2 ड्यूटी इस केंप में लगाई गई है। हद तो तब हो गई जब सीएमएचओं ने भी इस पर अपने हस्ताक्षर कर दिए और न्याय नहीं किया। इससे प्रतीत होता है कि सीएमएचओं डॉ शोभा पटेल भी संबंधित बाबूओ के अधीन ही काम कर रहीं है जो कि कहीं न कहीं शर्मिन्दा करने के लिए काफी है।



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
क्रमांक/स्थापना/2025/12087 राजगढ़, दिनांक 06/10/2025

//आदेश//

कार्यालय कलेक्टर (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) जिला राजगढ़ म.प्र. का आदेश क./नि.क./2025-26/537539 दिनांक 27.09.2025 के द्वारा समस्त दिव्यांग बच्चें (आयु 18 वर्ष तक) में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाना है जिससे उनके चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किये जा सके व उनको शासन की मिलने वाली सुविधाओं से लाभान्वित हो सके।
इस हेतु निम्नानुसार विशेषज्ञ/चिकित्सको की अनुसार लगाई जाती है—

| क्र. | दिनांक | स्थान | विशेषज्ञ/चिकित्सक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 08.10.2025 | नगर परिषद कुरावर | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 2. | 09.10.2025 | नगर परिषद बोड़ा | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 3. | 10.10.2025 | नगर परिषद तलेन | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 4. | 13.10.2025 | जनपद पंचायत सारंगपुर/ नगर पालिका सारंगपुर | 1. डॉ. प्रियंका यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. सुधीर कलावत, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 5. | 14.10.2025 | नगर परिषद पचोर | 1. डॉ. प्रियंका यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. सुधीर कलावत, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 6. | 15.10.2025 | जनपद पंचायत ब्यावरा/ नगर पालिका ब्यावरा | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. प्रदीप माथुर, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 7. | 16.10.2025 | नगर परिषद सुठालिया | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. प्रदीप माथुर, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 8. | 23.10.2025 | जनपद पंचायत राजगढ़/ नगर पालिका राजगढ़ | 1. डॉ. प्रियंका यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. सुधीर कलावत, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 9. | 24.10.2025 | नगर परिषद खुजनेर | 1. डॉ. प्रियंका यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. सुधीर कलावत, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 10. | 27.10.2025 | जनपद पंचायत खिलचीपुर/ नगर पालिका खिलचीपुर | 1. डॉ. गिरिराज बड़ोले, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. योगेश दांगी, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 11. | 28.10.2025 | नगर परिषद छापीहेड़ा | 1. डॉ. गिरिराज बड़ोले, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. योगेश दांगी, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 12. | 29.10.2025 | जनपद पंचायत जीरापुर/ नगर पालिका जीरापुर | 1. डॉ. गिरिराज बड़ोले, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. योगेश दांगी, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 13. | 30.10.2025 | नगर परिषद माचलपुर | 1. डॉ. गिरिराज बड़ोले, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. योगेश दांगी, मेडिकल विशेषज्ञ |

### किसी को 12 तो चहेते को दी 2 ड्यूटी

दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन में जिन डॉक्टर की डयूटी लगाई गई उनमें डॉ अभिषेक सिलोदिया एवं डॉ रजनीश शर्मा की सबसे ज्यादा ड्यूटी लगाई गई वहीं बाबू के चहेते डॉ प्रदीप माथुर की मात्र 2 ड्यूटी ही लगाई गई और उस आदेश पर सीएमएचओं के साइन भी करवा लिए गए। इससे पूर्व भी बाबूओं ने कई काम नियमतविरूद्ध किए है जिस पर ज्वाइंट डॉयरेक्टर ने संज्ञान लेकर बाबू को उस जिम्मेदारी से हटाया है तो क्यों न सीएमएचओ भी ऐसे बाबू पर कार्रवाई कर उसे इस गैरजिम्मेदाराना काम के लिए उसका चार्ज से मुक्त कर दें।

### सीएमएचओ बोलीं- हमने आज बदल दिया है रोस्टर

स्वास्थ्य विभाग के बाबूओं की मनमानी पर जब जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ शोमा पटेल से बात की गई तो उन्होने बताया कि हमने रोस्टर बदल दिया है और सभी डॉक्टर को बराबर जिम्मेदारी सौंपी गई है किसी डॉक्अर के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है परंतु इससे एक बात तो स्पष्ट हो गई कि सीएमएचओं ऑफिस के बाबू गैरजिम्मेदार जरूर है इन पर विश्वास नहीं किया जा सकता।

### निकला पथ संचलन

## कदम ताल मिलाते चले स्वयं सेवक



**सुठालिय।** नगर में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयं सेवको ने नगर में पथ संचलन निकाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मध्य भारत प्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया,मुख्य अतिथि अयोध्या के संत श्री श्री 1008 बालकदास महाराज, विशेष अतिथि खंड संचालक रतन सिंह मालवीय,मुख्य शिक्षक आकाश गिरी, प्रार्थना विशाल सरावत,ध्वजवाहक दिलीप मालवीय रहे। मुख्य वक्ता सेठिया ने शताब्दी वर्ष में होने वाले पंच परिवर्तन पर्यावरण,कुटुंब प्रबोधन,स्व बोध,नागरिक शिष्टाचार,सामाजिक समरसता से समाज को जोड़ने का सूत्र बताया। स्वयं सेवक नगर में घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर गीत गुनगुनाते हुए शिशु मंदिर से नगर के विभिन्न चैराहों से होते हुए निकले।नगर में नगर वासियों,शिशु मंदिर, बल्केश्वर समिति आदि ने पथ संचलन का फूलों से स्वागत किया। पथ संचलन में जिले के जिला प्रचारक,खंड विस्तारक,खंड कार्यवाह,उप खण्डों के सह खंड कार्यवाह,नगर कार्यवाह,सह नगर कार्यवाह,जिले के पदाधिकारी,खंड के अधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# पेड़ों की अवैध कटाई, वनभूमि के कब्जों पर करें कार्रवाई: कलेक्टर

## टास्क फोर्स समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले के वनक्षेत्रों में अवैध कटाई, वनभूमि पर अतिक्रमण की रोकथाम, वनक्षेत्र एवं राजस्व क्षेत्र में अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण से संबंधित प्रकरणों के संकलन एवं समीक्षा किए जाने हेतु गुरूवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में वन विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं अवैध उत्खनन पर रोक तथा अंकुश लगाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए पुलिस विभाग, वन विभाग से संपूर्ण सहयोग एवं कार्यवाही करने संबंधी निर्देश दिए प्रदान किए। बैठक में डीएफओ बेनी प्रसाद दोतानिया ने बताया कि वन्यप्राणी अभ्यारण्य नरसिंहगढ की अधिसूचित 02 किमी ईको सेसिटिव जोन की सीमा अंतर्गत स्थित ग्राम तिन्दोंनिया में रात्रि को संचालित अवैध उत्खनन मामलों में दाबिश दी जाकर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

### वनाधिकाकारी पट्टों के संबंध में भी हुई चर्चा

वन्यप्राणी अभ्यारण्य नरसिंहगढ़ अंतर्गत स्थित राजस्व ग्राम चैनपुरा के विस्थापन हेतु कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा एसडीएम नरसिंहगढ को अभ्यारण्य अधीक्षक के साथ बैठक कर विस्थापन की कार्यवाही नियमानुसार करने हेतु निर्देशित किया। वन विभाग द्वारा प्रदाय 15 वर्षीय पट्टों को वन अधिनियम के तहत वनाधिकार पत्र प्रदाय करने हेतु जनजातीय कार्य विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार चरणबद्ध तथा समयबद्ध कार्यक्रम एसओपी अनुसार वन अधिकार पत्र प्रदाय करने के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही वन्यप्राणी अभ्यारण्य नरसिंहगढ अंतर्गत वर्ष 1980 के पूर्व के बने धार्मिक स्थल को सामुदायिक वन अधिकार पत्र प्रदाय करने के संबंध में भी अवगत कराया गया।

### युवा उत्सव का द्वितीय दिवस

## महाविद्यालय में युवा उत्सव के तहत रंगोली प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ममता खोइया के निर्देशन में चल रहे युवा उत्सव के द्वितीय दिवस पर अंतर कक्षा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं महिमा मालवीय, मधु मालवीय, मुस्कान मालवीय, पूजा राजपूत, निशा पुष्पद, किरण राजपूत एवं शिवानी पुष्पद ने अपनी सौंदर्यपूर्ण एवं रचनात्मक रंगोलियों के माध्यम से आकर्षक पैटर्न तैयार किए। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. विमल लोदवाल ने सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अर्चना वर्मा एवं डॉ. फारूक पठान ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी हेतु प्रेरित किया। निर्णायक मंडल मेंद सोनम करोड़यिा, आरती यादव एवं भगवान पाटीदार शामिल रहे। परिणामों में मधु मालवीय ने प्रथम स्थान, महिमा मालवीय एवं शिवानी पुष्पद ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार एवं उपस्थित जनों ने सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता एवं कला कौशल की सराहना की।

# शासन ने जिले के सभी निकायों से मांगी दैनिक वेतन भोगियों की सूची

## साल 2000 में दैनिक वेतन पर कोई नियुक्ति न करने संबंधी जारी हुआ था आदेश बीते 25 सालों में सैकड़ों की संख्या में निकायों में की गई है दैवभो की नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़


प्रदेश सहित जिले के सभी 14 नगरीय निकायों में वर्ष 2000 के बाद से नियुक्त दैनिक वेतन भोगियों की जानकारी नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने निकायों के सीएमओ से तलब की है। दरअसल, 28 मार्च 2000 को वित्त विभाग ने शासन के समस्त विभागों को दैनिक वेतन पर किसी प्रकार की कोई नियुक्ति न करने संबंधी एक आदेश जारी किया था। इसके बावजूद बीते 25 वर्षों के दौरान जिले के अमूमन सभी निकायों में परिषदों से प्रस्ताव पास करवाते हुए दैनिक वेतन भोगियों की नियुक्तियां कर दी गईं। यह उस आदेश का सीधे-सीधे उल्लंघन माना गया है जो 28 मार्च 2000 को वित्त विभाग ने जारी किया था। ऐसे में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने अब सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को एक पत्र जारी करते हुए 28 मार्च 2000 के बाद दैवभो के तहत नियुक्त सभी कर्मचारियों की सूची मांगी है।

### 25 अक्टूबर तक अनिवार्यत भेजनी है यह सूची

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सभी निकायों के सीएमओ के नाम जारी पत्र में उल्लेख किया है कि अपने-अपने निकाय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों की जानकारी एक सारणी के रूप में भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए। यह जानकारी में संबंधित दैवभो की नियुक्ति दिनांक, वर्तमान पारिश्रमिक, तत्कालीन नपाधिकारी का नाम, नियुक्ति के संबंध में शासन की अनुमति आदि का स्पष्टतः उल्लेख करना है।

### 14 ही निकायों में हुई हैं सैकड़ों नियुक्तियां

आपको बतादें कि साल 2000 के बाद न केवल राजगढ़, ब्यावरा बल्कि सभी 14 ही निकायों में गठित परिषदों ने अपने-अपने हिसाब से प्रस्ताव पारित करवाते हुए अनेकों दैवभो की नियुक्तियां की हैं। इन दैनिक वेतन भोगियों में कईं तो ऐसे हैं जो अब विनियमित भी हो चुके हैं। ऐसे में नगरीय विकास एवं आवास विभाग उक्त सूचियों के प्राप्त होने के उपरान्त आगामी क्या कार्यवाही करने वाला है, यह आने वाला समय ही बता पाएगा। बहरहाल, उक्त पत्र के जारी होने के बाद दैनिक वेतन भोगियों के माथे पर चिंता की लकीरें अलबत्ता देखी जा रही हैं कि शासन की आगामी मंशा आखिरकार क्या है।



मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

क्रमांक एफ 3768/3833019/2025/18-1 भोपाल, दिनांक 08/10/2025

प्रति,
1. समस्त आयुक्त, नगर पालिक निगम,
2. समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद,
3. समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद,

विषय : दैनिक वेतन पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति न करने के संबंध में।
संदर्भ : म.प्र. शासन, वित्त विभाग का परिपत्र क्रमांक 656/527/2000/सी/चार दिनांक 28.03.2000

विषयांतर्गत मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के संदर्भित परिपत्र का अवलोकन करें, जो कि दैनिक वेतन पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति न करने के संबंध में है। उक्त परिपत्र की कंडिका 3 में यह स्पष्ट किया गया है, कि "यह आदेश सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, मण्डलों, नगरीय निकायों, विकास प्राधिकरणों तथा सहकारी संस्थाओं पर भी लागू होगा।"

2. मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग द्वारा उपरोक्तानुसार जारी किए गए स्पष्ट निर्देशों के उपरांत भी शासन के ध्यान में यह तथ्य आया है, कि कुछ नगरीय निकायों द्वारा दैनिक वेतन पर नियुक्तियां की गई हैं, जो कि राज्य शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत दिनांक 28.03.2000 के उपरांत नगरीय निकायों में नियुक्त किए गए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विवरण निम्न प्रारूप में विभाग को दिनांक 25.10.2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें :-

| क्र. | दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी का नाम | नियुक्ति के दिनांक | वर्तमान पारिश्रमिक | तत्कालीन आयुक्त/मुख्य नगरपालिका अधिकारी का नाम | नियुक्ति के संबंध में राज्य शासन की अनुमति | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |

(प्रमोद कुमार शुक्ला)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

### 2000 के बाद की जानकारी मांगी

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जिले के सभी निकायों से वर्ष 2000 के बाद से नियुक्त सभी दैवभो की जानकारी मांगी है। सभी सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि वे अपेक्षित जानकारी निर्धारित अवधि तक भेजना सुनिश्चित करें।
**आरएस साहू,** पीओ, डूडा, राजगढ़

# ग्राम नाईहेड़ा में श्रीराम मंदिर से भगवान का मुकुट चोरी




**जीरापुर।** नगर के निकट लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित समीपस्थ ग्राम नाईहेड़ा में श्रीराम मंदिर से दिनदहाड़े भगवान के आभूषण चोरी होने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। भगवान राम का मंदिर गांव के मध्य रहवासी बस्ती में स्थित है।अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में रखे भगवान श्री राम ,लक्ष्मण, माता जानकी के मुकुट लगभग एक किलो चांदी के आभूषण चोरी कर लिए सुत्रो से मिली जानकारी अनुसार मुकुट चोरी की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में एकत्रित हो गई तथा मंदिर पुजारी रामेश्वर हरदेनिया ओर ग्रामीण थाना पहुंचे तथा मुकुट चोरी की जानकारी पुलिस को दी। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

# पेयजल संकट से बचने की कवायद

## कपिलेश्वर स्टॉप डैम के गेट बंद करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल के निर्देशन में कपिलेश्वर स्टॉप डैम का निरीक्षण किया गया। वर्षा समाप्ति के बाद नदी के घटते जलस्तर को देखते हुए अध्यक्ष पालीवाल ने उपस्थित अधिकारियों को स्टाप डेम के गेट तत्काल बंद करने के निर्देश दिए ताकि आगामी ग्रीष्मकाल में नगर में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ अध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि नगर के नागरिकों को निरंतर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे को निर्देशित किया कि कपिलेश्वर स्टाप डेम के पूर्ण भर जाने पर कालीसिंध नदी पर काली मस्जिद के पास स्थित पुराने स्टाप डेम को भी बंद किया जाए, जिससे जलस्तर नियंत्रण में रहे और नगर को सतत जल आपूर्ति बनी रहे। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण कार्य समिति सभापति गोपाल पाल, स्वच्छता कार्य समिति सभापति अमित गिरजे, जलप्रदाय कार्य समिति सभापति प्रतिनिधि बाबूलाल अहिरवार, राजस्व कार्य समिति सभापति प्रतिनिधि कुलदीप राठौर, निकाय उपयंत्री विक्की ब्राहम्णे, स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे, निकाय कर्मचारी गोकुल पुष्पद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन युवकों की मौत

**जीरापुर।** थाना क्षेत्र में बुधवार को तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन युवकों की मौत होने से क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के माचलपुर रोड निवासी 35 वर्षीय संदीप कुम्भकार की हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक मृत्यु हो गई। बुधवार शाम करीब 5 बजे हुई इस घटना के बाद उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के उपरांत गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। संदीप व्यवहार कुशल और मिलनसार युवक के रूप में जाने जाते थे, उनके निधन पर परिचितों ने गहरा शोक व्यक्त किया। वहीं दूसरी घटना में ग्राम गुराड़ा (गागोरनी) निवासी 28 वर्षीय भैरूलाल पिता नंदा अहिरवार ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीसरी घटना नगर की आवास कॉलोनी नर्मदेश्वर मंदिर रोड पर हुई, जहां दुलीचंद राव के पुत्र राकेश राव को देर रात करीब तीन बजे घर में ही सांप ने काट लिया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, किंतु उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया और अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

# स्वर्णकार समाज ने अपने आराध्य महाराज अजमीढ़ की जयंती धूमधाम से मनाई



**माचलपुर।** नगर में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा अपने आराध्य महाराज अजमीढ़ की जयंती मंगलवार अश्वनी शुक्ल पूर्णिमा को उत्साह वा धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर सभी नगर वा आसपास ग्रामीण क्षेत्र के समाजजन बस स्टेंड पर स्थित सर्राफ मैरिज गार्डन में अपना व्यापार व्यवसाय बंद कर एकत्रित हुए जहां से एक भव्य शोभा यात्रा बैंडबाजो के साथ प्रारंभ हुई,जिसमे रथ पर महाराज अजमीढ़ की आकर्षक झांकी सजा रखी थी और बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के महिला,पुरुष,युवा वा बच्चे साथ चल रहे थे। शोभायात्रा नगर विभिन्न मार्गों से होकर निकली गई जहां यात्रा मार्ग पर नगर के लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया ओर जलपान करवाया। यात्रा नगर से भ्रमण कर पुनः सर्राफ मैरिज गार्डन पहुंची जहां पर सभी समाज बंधुओं द्वारा महाराज अजमीढ़ की विधिविधान से पूजा अर्चना की ओर महाआरती की गई ! इसके उपरांत समाज का सहभोज आयोजित हुआ।

### नपा प्रशासन ने किया प्रातः कालीन सफाई का निरीक्षण

# वार्ड 1 के प्रभारी मैट को उसी वार्ड में बनाया सफाई कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना





मार्ग पर यातायात सुगम बना रहे इसके लिए बाजार क्षेत्र में भी भ्रमण कर दुकानदारों को त्योहार के दिनों में दुकानों के आगे अस्थाई रूप से सामग्री न रखने के निर्देश दिए जिससे बाजार में आवागमन सुगम हो सके। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री तथा जिला परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में दो टीमों ने शहर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर प्रातः कालीन स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान वार्ड क्रमांक एक में उचित सफाई व्यवस्था नहीं पाए जाने तथा जगह-जगह कचरा के ढेर पाए जाने पर वार्ड के प्रभारी मेट बसंत वाल्मीकि को इसी वार्ड में सफाई कर्मचारी बना दिया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 2, 4, 14, 15 एवं 16 के मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा हाट रोड पर खड़े फल सब्जी विक्रेताओं को पुरानी गल्ला मंडी में ही फल सब्जी बेचने के निर्देश दिए। उन्होंने नपा के अतिक्रमण दल को दोपहर में अतिक्रमण कारवाही कर हाट रोड से सभी फल सब्जी ठेले वालों को हटाने के निर्देश दिए। हाट रोड पर डिवाइडर किनारे तथा सड़क के दोनों और पार्किंग करने वालों को भी हिदायत डी की सड़क किनारे कम से कम वाहनों की पार्किंग करें एवं व्यवस्थित पार्किंग करें जिस मार्ग पर यातायात सुगम बना रहे इसी प्रकार बाजार क्षेत्र में भी भ्रमण कर दुकानदारों को त्योहार के दिनों में दुकानों के आगे अस्थाई रूप से सामग्री न रखने के निर्देश दिए जिससे बाजार में आवागमन सुगम बना रहे।

### चालानी कार्रवाई की गई

नगर पालिका द्वारा सतत रूप से हाट रोड पर थोक फल विक्रेताओं को समझाइश दी जा रही है कि रोड पर थोक फल मंडी न लगायें, किंतु उनके द्वारा नियमित रूप से हाट रोड पर ही थोक व्यापार किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी के निर्देश पर हाट रोड पर खड़े फल वालों के चार पहिया वाहनों पर 10,000 रु 5000 रु के जुर्माना किए गए, साथ ही हाथ ठेला वालों पर 1000 रु का स्पॉट फाइन तथा 500 रु गंदगी करते पाए जाने पर चालानी कार्रवाही की गई। थोक फल विक्रेताओं को पुनः समझाइश दी गई कि हाट रोड पर थोक व्यापार न करें, अन्यथा नियमित रूप से चालानी कार्रवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, पार्षद दिनेश शर्मा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार, उपयंत्री नितिन चंदेल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय कराटे कैंप का समापन आज होगा

**सीहोर।** शहर सहित आस-पास के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच देने और उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए लंबे समय से मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय, नेशनल आदि कराटे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अब रविवार को एक दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन शहर के इंदौर नाके स्थित बजरंग कालोनी में किया जाएगा। इस मौके पर सीहोर कलेक्टर बाला गुरु के, समाजसेवी अखिलेश राय और कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा, संस्कार मंच के जिला संयोजक जितेन्द्र तिवारी के मुख्य आतिथ्य में प्रदेशभर के करीब 200 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के कोच लखन लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर के अलावा एक दर्जन से अधिक विभिन्न जिलों के कोच आदि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा शनिवार को यहां पर जारी सात दिवसीय कराटे कैंप का समापन किया जाएगा। सीहोर जिले के अलावा इस प्रतियोगिता में भोपाल, उज्जैन, इंदौर, शहडोल सहित अन्य जिले के खिलाड़ियों के लिए ठहराने आदि की व्यवस्था की गई है। मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि एसोसिएशन के तत्वाधान में लगातार पांचवीं बार राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रविवार से आरंभ होने वाली इस प्रतियोगिता में सीहोर जिले के अलावा उज्जैन, देवास, हरदा, रीवा, जबलपुर, टिमरनी, राजधानी भोपाल आदि के करीब 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल रहेंगे।

### अचानक कृषि ऊपज मंडी पहुंचे पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, किसानों के साथ की चर्चा, सिस्टम पर साधा निशाना

# किसानों की आय दोगुना करने का वादा करने वाली सरकार ने अन्नदाताओं की लागत को कर दिया तीन गुना: पटवारी





### किसानों को 5328 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दे सरकार। जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री पर साधा निशाना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आज मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कृषि मंडी आष्टा का आकस्मिक दौरा करके मंडी में नीलामी प्रक्रिया देखने के साथ उपस्थित किसानों से चर्चा की जहां पर उपस्थित किसानों ने बताया की एक व्यक्ति जिसके पास चार एकड़ जमीन है उसे 4 क्विटल सोयाबीन हुआ और जो 3950 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिका सोयाबीन सही से पैदा होता तो उतनी जमीन में 80000 का सोयाबीन निकलता परंतु फसल खराब होने और भाव कम होने के कारण उसे मात्र 16000 रुपए मिले।

इस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की किसानों को भावांतर योजना में उलझने की जगह सीधा उनके खाते में 20000 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से नगद राशि डालिए ताकि किसान अपने परिवार का जीवन यापन कर सके क्योंकि फसल खराब होने और उनको मुआवजा और फसल का भाव नहीं मिलने के कारण किसान हताश और परेशान है जिसके परिणाम स्वरूप मध्य प्रदेश में भी किसानों ने आत्महत्या जैसा कदम उठाना शुरू कर दिया है।

इसलिए सरकार के जवाबदारी बनती है की सरकार तत्काल एक स्पेशल कैबिनेट किसानों को राहत राशि कैसे दी जाए उसके लिए बोला है और उसमें कांग्रेस बीजेपी ना करते हुए हम सब लोगों को भी बुला ले तो हम खुशी-खुशी किसानों के हित के लिए सरकार के साथ खड़े होंगे और सरकार यदि सोयाबीन के किसानों को 20000 रुपए प्रति एकड़ की राशि देती है तो मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष होने के नाते यह घोषणा करता हूं कि मैं मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री का नागरिक अभिनंदन करूंगा जीतू पटवारी ने भावांतर योजना पर मुख्यमंत्री और उनके मंत्री और भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा की जब समर्थन मूल्य 5328 रुपए है तो फिर किसान से सीधा सोयाबीन समर्थन मूल्य से ऊपर खरीद जाना चाहिए और भावांतर में किसानों को 500,700, 800 रुपए मिलेंगे जिसके लिए भाजपा के नेता और मंत्री मुख्यमंत्री के प्रति आभार रैली निकाल रहे हैं किस बात की आभार रैली किसानों को उनकी फसल का सही भाव नहीं मिलने के लिए या किसानों को उनकी खराब हुई फसल का मुआवजा एवं बीमा नहीं देने के लिए आभार रैली निकाली जा रही है। हम मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व उनकी सरकार से यह मांग करते हैं की किसान कोई कांग्रेस बीजेपी का नहीं होता किसान की हर हाल में मदद करना चाहिए और उनकी मदद करने के लिए प्रत्येक किसान को जो सोयाबीन उगता है।


प्रति एकड़ 20000 रुपए की राशि नगद उसके खाते में डालना चाहिए और इसके साथ ही सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की ना तो आपके समय में प्याज के भाव मिल रहे हैं ना लहसुन के भाव मिल रहे हैं और जबकि किसान की लागत 3 गुना से ज्यादा बढ़ गई है। खाद महंगा बीज महंगा डीजल महंगा कीटनाशक महंगा सबको मिलकर किसानों की फसल की लागत 3 गुना से ज्यादा बढ़ गई है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि किसानों के आय दोगुना करेंगे। किसानों के आय दोगुना तो नहीं हुई उल्टा किसान बर्बाद होने की कगार पर खड़ा हो गया।

किसान की लागत जरूर तीन गुना हो गई है। हम सब मिलकर इस सरकार को किसान हित में निर्णय लेने के लिए मजबूर करें जीतू पटवारी ने कहा की शर्म आना चाहिए शिवराज सिंह चौहान को वह देश के कृषि मंत्री है और उनके जिले के किसानों को ना तो खराब हुई फसल का मुआवजा मिल रहा है और ना बीमा मिलेगा इसी तरह पिछले वर्ष की खराब हुई फसल का ना मुआवजा मिला और ना ही बीमा मिला जीतू पटवारी ने मंडी सचिव को कहा कि आपके यहां किसानों के साथ कोई गलत ना हो इसके ठोस व्यवस्था करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती,प्रदेश कांग्रेस महासचिव शैलेंद्र पटेल,अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर, किसान नेता राहुल राज, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, ग्रामीण अध्यक्ष महेश मूंदीखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार,जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान,कमल सिंह पहलवान,गुलाब बाई ठाकुर, विवेक राठौर, कमल सेठ, अर्जुन सिंह मानखेड़ी, विजेंद्र सिंह,नरेंद्र कुशवाहा एच आर परमार, शोभाल सिंह मुगली, सुनील कटारा ,खालिद पठान,मनीष खत्री,टोनी कोठारी,अर्जुन सिंह अजय, राहुल मेवाड़ा,मनीष डोगरे,विक्रम सिंह बोरवेल,शैलेश राठौर, अमजद,नफीस शाह, राशिद नेता, रिजवान पठान,भूरू मुकाती, आशिक मंसूरी, राजकुमार मालवीय, कृपाल मालवीय, सन्नवर खान, अरविंद मेवाड़ा, तौसीफ उद्दीन,फेज गोलू हाजीपुर, शैलेंद्र मेहतवाड़ा, वीरेन परमार, देवराज परमार, प्रदीप प्रगति, रिंकू नामदेव, अशोक मंडलोई,पल्लव प्रगति,अखिलेश राजपूत, देवराज मालवीय, राहुल पटरिया, अखिलेश राजपूत, निलेश राजपूत, अंशुपाल मुगली, गोल्डी ठाकुर, राम सिंह ठाकुर, नीतेश ठाकुर आदि कांग्रेस जन साथ रहे।

# भक्तांबर में 48 श्लोक हैं, जो मंत्र शक्ति, भक्ति के प्रभाव को प्रदर्शित करते हैं, श्लोकों से तनाव और व्याधियों से मुक्ति पा रहे लोग: मुनि सानंद सागर

### मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज के सानिध्य में समाजजनों ने किया भक्तांबर पाठ, हुए कई

हरिभूमि न्यूज ⏭ 000



श्री भक्तांबर पाठ का इतिहास आचार्य मानतुंगाचार्य जी से जुड़ा हुआ है।जो सातवीं शताब्दी ईस्वी में हुए थे। जब उन्होंने अपने भक्ति को व्यक्त करने के लिए इस संस्कृत भक्तांबर स्त्रोत की रचना की थी।एक प्रसिद्ध किंवदंती के अनुसार मानतुंगाचार्य जी को राजा भोज ने जेल में 48 तालों के अंदर बंद करवा दिया था और जेल में उन्होंने भक्तांबर पाठ की रचना की तथा हर श्लोक रचने के साथ एक -एक ताला टूटता गया ।जिससे वे जेल में तालों से मुक्त हो गए ।

यह स्त्रोत प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभनाथ जी अर्थात आदिनाथ भगवान की स्तुति में हैं और इसमें 48 श्लोक हैं, जो मंत्र शक्ति और भक्ति के प्रभाव को प्रदर्शित करते हैं। भक्तांबर स्तोत्र के श्लोकों से तनाव और व्याधियों से मुक्ति पा रहे हैं। जैन समाज के श्रावक एवं श्राविकाओं सहित जो भी इसे भक्ति भाव से आराधना करते हैं उनके भक्तांबर स्तोत्र के श्लोकों से जीवन को चिंता,तनाव,रोग व परेशानियों से मुक्त होते हैं। भक्तांबर जी का तीसरा काव्य सर्वसिद्धि दायक काव्य है।बुद्धया विनापी विबुधार्चित-पाद - पीठ,स्तोतुं समुद्यत मतिर्विगतत्रपोहम। बालं विहाय जलसंस्थित मिन्दुबिम्ब मन्यःक इच्छति जनः सहसा ग्रहीतुम। भक्तामर स्तोत्र संस्कृत के वसंत तिलका छंद में लिखा गया है। इसके प्रत्येक छंद में 4 पंक्ति आती है।एक - एक पंक्ति में 14 अक्षर व 21 मात्राएं होती है। प्रत्येक पंक्ति के 14 अक्षरों में 7 हस्व और 7 दीर्घ होते हैं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने विश्व भक्तांबर स्तोत्र दिवस एवं रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ का स्वाध्याय कराते हुए कही । आपने कहां कि वस्तुओं में इच्छा रखना परिग्रह में आता है।अगर आपको आष्टा से बाहर नहीं जाना है और भारत से भी बाहर नहीं जाना है तो त्याग करें,जाना पड़े तो वापस आकर त्याग करें, आपको पुण्य अर्जित होगा। परिग्रह जितना छोड़ते जाओगे उतना ही पाप आश्रव कम होगा। जितना अधिक त्याग करोगे उतना ही अधिक पुण्य अर्जित होगा।जितने कपड़े पहनना है उनको छोड़ कर बाकी का त्याग करें। मुनिश्री ने कहा एल्यूमिनियम के बर्तन उपयोग करने से पेरेलेसिस जैसी बीमारी होती है एल्यूमिनियम बर्तन का उपयोग नहीं करें।कांसा के बर्तन स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक था,आज कांसा के बर्तन दिखते ही नहीं है।न्याय नीति का पालन धन अर्जित करने में करें।लोभ प्रवृत्ति के कारण भाई - भाई की जान का दुश्मन हो रहा है।एक इंच जमीन के लिए मारने के लिए आतुर है। इच्छाओं पर कंट्रोल करना। परिग्रह के चार अतिचार है।जो उपयोग में आएं उनको छोड़कर बाकी का त्याग करें,हर अति का अंत निश्चित है।अतिधन सम्पत्ति किच-किच का कारण। अणुव्रत जिसके पास है वह अति नहीं करता है। जिसके पास अणुव्रत नहीं है वह अति करके पाप कमाता है। व्यक्ति एक सुई की नोक के बराबर धन भी नहीं ले जा सकते हैं।साथ में बांधे गए पाप कर्म जाएंगे। उक्त कर्म को इस भव और परभव में भी भोगना पड़ता है।पापी जीव को जीनवाणी नहीं सुहाएं,जीनवाणी सुनने का अवसर मिले तो अवश्य ग्रहण करें। पेड़ पौधे में भी संग्रह करने की इच्छा रहती है। व्यक्ति के पास कोठा भरने की चाहत व ताकत है।

पुण्य कमाने के दौरान मुंह छुपाते हैं और कहते हैं कि दुकान नहीं चल रही। सामूहिक अनुष्ठान में सहभागी अवश्य बने। मनमर्जी करने वाले अकेले ही रह जाते हैं।पापाणुबंदी पाप के उदय में आने से मकड़ जाल में शेर फंस जाता है।पाप आश्रव से छुटने के लिए आचार्या ने दान की व्यवस्था बताई है। आपने पाप आश्रव किया है तो आपको ही फल भोगना पड़ेगा। किसी भी क्षेत्र में अति कोई भी करेगा उसका अंत निश्चित है। पुण्य उदय में आता है तो छप्पर फाड़कर आएगा और पाप उदय में आने पर छप्पर फाड़कर जाता है। जिसकी नियत खराब हो जाएं वह दूसरे के धन को भी हड़पने में पीछे नहीं रहते हैं। मिथ्या दृष्टि भगवान की पूजा-अर्चना करते समय भी पुण्य नहीं पाप आश्रव करता है। आचार्य मानतुंगाचार्य जी की कृपा है। उपस्थित सभी समाजजनों ने सामूहिक भक्तांबर स्तोत्र का पाठ बोलकर विश्व भक्तांबर दिवस मनाया।

# छिंदवाड़ा में नकली कफ सीरप से मृत मासूम बच्चों को दी श्रद्धांजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में स्थानीय सुभाष चौक पर एकत्रित होकर मृत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित कर छिंदवाड़ा के परासिया में नकली कफ सिरप से हुई मासूम बच्चों की मौत पर मोन केंडल मार्च किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि इस मामले में दोषियों को कड़ी सजा दी जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

उन्होंने यह भी मांग की कि मृतक बच्चों के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए वा स्वस्थ मंत्री को बर्खास्त किया जाए गौरतलब है कि छिंदवाड़ा के परासिया में नकली कफ सिरप से कई मासूम बच्चों की मौत हो गई थी, जिसके बाद से यह मामला सुर्खियों में है और लोग दोषियों को सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं।इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि वे इस मामले को लेकर सरकार पर दबाव बनाए रखेंगे और दोषियों को सजा दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि वे मृतक बच्चों के परिवारों के साथ खड़े हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, ए आई सी सी सदस्य हरपाल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, ग्रामीण अध्यक्ष महेश मूंदीखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, कैलाश परमार,पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, राजाराम बड़े भाई,नरेंद्र कुशवाहा,एच आर परमार ,सुनील कटारा, सन्नवर खान,खालिद पठान,जावल सिंह, मनीष खत्री, टोनी कोठारी, अर्जुन सिंह अजय, राहुल मेवाड़ा, मनीष डोंगरे,विक्रम सिंह बोरवेल, शैलेश राठौर, अमजद, नफीस शाह, राशिद नेता जी, सुभाष नामदेव, रिजवान पठान, भूरू मुकाती, आशिक मंसूरी, राजकुमार मालवीय, कृपाल मालवीय, लोकेंद्र बनावट, प्यार पटेल, अरविंद मेवाड़ा, तौसीफ बाबा, फेजउद्दीन, गोलू हाजीपुर, रईस घड़ी, अंसार अली, वीरेन परमार, संजय जैन, पवन पहलवान, देवीसिंह, धर्मेन्द्र सत्यम, राकेश खारतिया, रिंकू नामदेव, अशोक मंडलोई, रवि ठाकुर, हरने नौगांव, पल्लव प्रगति, अखिलेश राजपूत, देवराज मालवीय आदि उपस्थित रहे।

### अंबे माता का ज्योति जुलूस निकला, कृत्रिम गजराज रहे लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र

# कई वर्षों से विधि-विधान से पूजा करता है वेदमूथा परिवार







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के लीलगर खत्री समाज मन्दिर में अम्बे माता की अखंड ज्योति की स्थापना के साथ ही धूमधाम से गरबोत्सव और फिर ज्योति विसर्जन जुलूस की प्राचीन वर्षो पुरानी परंपरा है। इस चल समारोह में कृत्रिम गजराज और विराजित भगवान मुख्य आकर्षण का केंद्र होते हैं। और अम्बे माता की अखंड ज्योत के साथ गरबा उत्सव धूमधाम से श्रद्धाभाव से मनाया जाता है वर्षो पुरानी परंपरा का निर्वहन भी शहर के रहवासी करते आ रहे हैं और इसी परम्परा के अनुसार शहर के प्रतिष्ठित वेदमूथा परिवार अम्बे माता की अखंड ज्योत के विसर्जन जुलूस का वर्षो से पूजा अर्चना करते आ रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को विसर्जन जुलूस निकाला गया था। जिसका वेदमूथा परिवार ने पूजा अर्चना की। इस दौरान जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ के प्रभुप्रेमीजन ने आयोजन समिति ने भी जुलूस में मौजूद अध्यक्ष रोहित खत्री, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, प्रसिद्ध भजन गायक ललित नागौरी, संतोष झंवर, राजेश गौतम संजीव गौतम, सुमित चौरसिया, सहित पूरी टोली का सम्मान किया। अम्बे माता चलसमारोह के मुख्य यजमान तथा पूजन कर्ता वेदमूथा परिवार के सदस्यों का भी प्रभुप्रेमी जन ने नजर गंज में भव्य स्वागत किया। गुरुवार की रात्रि नजरगंज से सिकन्दर बाजार, बड़ा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी होते हुए पार्वती तट पहुंचे चल समारोह में हजारों की संख्या में भक्तगण, स्त्री पुरुष, युवक युवतियां, विनाकी मंडल तथा भजन गायकों की टोलियां शामिल हुए। जुलूस मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह अखंड ज्योति की पूजा अर्चना और आरती की। परम्परानुसार नजरगंज निवासी प्रतिष्ठित वेदमुथा परिवार ने चल समारोह के आरम्भ स्थल तथा गांधी चौक स्थित अपने आवास के सामने दशकों पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुए भव्य तरीके से एवं विधि विधान से पूजन एवं आरती की। इस दौरान भक्तों ने मातृ भक्ति के भजनों पर गरबा नृत्य एवं भक्ति भी किया। इस दौरान मांगीलाल वेदमूथा, महेन्द्र कुमार वेदमूथा, दिलीप कुमार वेदमूथा, नरेन्द्र कुमार, तरुण कुमार, रोहित वेदमुथा, मोहित वेदमुथा, गौरव, कुलदीप, अमूल, ऋतिक सहित प्रभुप्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, एडवोकेट संजय जैन किला, पल्लव प्रगति ने भी पूजन एवं आरती में भाग लिया तथा चल समारोह के पदाधिकारियों का भी स्वागत किया।

# मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर संस्कृति हाई स्कूल में लगा विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशानुसार व विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के मार्गदर्शन में महेश कुमार चैहान, प्रथम जिला न्यायाधीश के द्वारा शुक्रवार को संस्कृति हाई सेकेण्डरी स्कूल, आष्टा में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। श्री चैहान के बताया गया कि यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और ऐसे मुद्दों से प्रभावित लोगों की मदद करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इसमें प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय, शिक्षकगण, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।